राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल को 'राजस्थान हस्तशिल्प कलाएं' एवं 'दी हैंडीक्राफ्ट्स ऑफ राजस्थान' पुस्तकों की प्रथम प्रतियां भेंट

जयपुर, 15 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को राजभवन में बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक श्री पन्नालाल मेघवाल ने अपनी पुस्तक 'राजस्थान हस्तशिल्प कलाएं' एवं उसका अंग्रेजी अनुवाद 'दी हैंडीक्राफ्ट्स ऑफ राजस्थान' की प्रथम प्रतियां भेंट की।

श्री मेघवाल ने बताया कि 'राजस्थान हस्तशिल्प कलाएं' एवं उसके अनुवाद 'दी हैंडीक्राफ्ट्स ऑफ राजस्थान' पुस्तक में राजस्थान की परंपरागत हस्तशिल्प कलाओं के बारे में शोध परक जानकारियां शामिल की गई हैं।

———————